# भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय

महाराणा प्रताप स्टेशन रोड, सेवाश्रम सर्कल, उदयपुर (राजस्थान)
कार्यालय : 9828038851, 9376769120


## द्वितीय दीक्षांत समारोह अधिसूचना

क्रमांक : भूनोवि / उपाधि / दीक्षांत समारोह / 2025–26 / 1610 दिनांक : 09 दिसम्बर, 2025

भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय, उदयपुर का **द्वितीय दीक्षांत समारोह दिनांक 07 जनवरी, 2026 को प्रातः 10:30 बजे** विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जा रहा है।
इस दीक्षांत समारोह में सत्र 2024–2025 के स्नातक व स्नातकोत्तर परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले स्वर्णपदक धारकों को स्वर्णपदक व उपाधि प्रदान की जाएगी। जिन शोधार्थियों की दिनांक 31 दिसम्बर, 2025 तक मौखिकी परीक्षा (Viva-Voce) हो चुकी होगी उन्हें विद्यावाचस्पति / डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (Ph.D) उपाधि प्रदान की जाएगी।
इच्छुक उपाधिधारक उक्त समारोह में उपस्थित होकर उपाधि एवं स्वर्णपदक प्राप्त करना चाहते हैं वे विश्वविंद्यालय वेबसाईट www.bnuniversity.ac.in से लिखित सूचना हेतु प्रपत्र डाउनलोड कर आवश्यक पूर्ति कर एवं निर्धारित पंजीकरण शुल्क 500 रुपये व उपाधि शुल्क 5000 रुपये सहित कुल 5500 / –रुपये ऑनलाइन माध्यम से निम्न बैंक खाते में राशि जमा कर **दिनांक 02 जनवरी, 2026** तक डिग्री शाखा, भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय, उदयपुर को अनिवार्य रूप से जमा करवा सकते हैं उक्त तिथि के बाद प्राप्त होने वाली लिखित सूचनादाताओं को उपाधि प्रदान नहीं की जाएगीः

NAME OF BANK : UNION BANK OF INDIA
NAME OF BANK ACCOUNT : BHUPAL NOBLES' UNIVERSITY, UDAIPUR,
BANK ACOUNT NUMBER : 749402010001243
IFSC : UBIN0574945
BRANCH ADDRESS : B.N. COLLEGE BRANCH,UDAIPUR, RAJASTHAN

निर्धारित शुल्क जमा करवाने वाले एवं निर्धारित प्रपत्र में लिखित सूचना देने वालों को ही समारोह में बैठने हेतु स्थान निर्धारित किया जा सकेगा व उपाधि व स्वर्णपदक प्रदान किया जाएगा।

**समारोह में समस्त उपाधिधारक पुरुषों के लिए परिधान ब्लेक बन्द गले का कोट व साफा एवं महिलाओं के लिए परिधान गुलाबी (पिंक) रंग का सलवार सूट या गुलाबी (पिंक) रंग की साड़ी अनिवार्य होगी।** जिसकी व्यवस्था उपाधिधारकों को स्वयं के स्तर पर करनी होगी।

- उपाधिधारक छात्रों को साफा एवं उपरणा विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।
- समस्त उपाधिधारक समारोह स्थल पर **प्रातः 8:00 बजे** अनिर्वाय रूप से उपस्थित होकर अपना स्थान ग्रहण करेंगे।
- उपाधिधारक अपना ऑरिजनल फोटो युक्त आईडी अपने साथ लेकर आएंगे।
- दीक्षांत समारोह का पूर्वाभ्यास 06 जनवरी, 2026 को किया जाएगा।
- विद्यावाचस्पति (Ph.D) / स्नातक व स्नातकोत्तर परीक्षाओं में स्वर्णपदक व उपाधिधारकों के माता–पिता अथवा दो परिजन की समारोह में बैठने की व्यवस्था रहेगी।
- समारोह संबंधी अन्य समस्त सूचनाएं समय–समय पर वेबसाईट पर अपलोड की जाएंगी। उपाधिधारियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे नियमित रूप से वेबसाईट देखते रहें।

कुलसचिव